अभ्यास

(क) इन प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।

1. वचन किसे कहते हैं?
2. वचन के भेदों की जानकारी दीजिए।
3. आदर व सम्मान देने के लिए हम कौन-से वचन का इस्तेमाल करते हैं?

(ख) दिए गए शब्दों के वचन बदलिए।

एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
1. बकरा	बकरे	6. रात	रातें
2. पहाड़ी	पहाड़ियाँ	7. कथा	कथाएँ
3. ऋतु	ऋतुएँ	8. वस्तु	वस्तुएँ
4. पंखा	पंखे	9. मक्खी	मक्खियाँ
5. पुस्तक	पुस्तकें	10. सड़क	सड़कें

(ग) सही वचन चुनकर खाली स्थान भरिए।

1. उस सभा में अनेक _____ थीं।
   (क) महिला (ख) महिलाओं (ग) महिलागण (घ) महिलाएँ
2. बंदरों ने सारी _____ फेंक दीं।
   (क) टोपियाँ (ख) टोपियों (ग) टोपिएँ (घ) टोपी
3. वह _____ बहुत बदमाश है।
   (क) लड़के (ख) लड़कों (ग) लड़का (घ) लड़काँ
4. आसमान में _____ उड़ रहे हैं।
   (क) गुब्बारा (ख) गुब्बारे (ग) गुब्बारें (घ) गुब्बारों
5. सड़क पर _____ खड़ी हैं।
   (क) गाड़ियाँ (ख) गाड़ियों
   (ग) गाड़ी (घ) गाड़ियाएँ

Scanned with CamScanner

(घ) वाक्यों में दिए गए रंगीन शब्दों के वचन बदलकर वाक्यों को फिर से लिखिए।

1. **बच्चा** पढ़ रहा है। — बच्चे पढ़ रहे हैं।
2. मैंने **केला** खाया। — मैंने केले खाये
3. **गन्ना** मीठा है। — गन्ने मीठे हैं।
4. फूलों की **माला** बनाओ। — फूलों की मालाएं बनाए।
5. वहाँ सुंदर **पहाड़ी** है। — वहाँ सुन्दर पहाड़ियाँ हैं।

(ङ) दिए गए शब्दों के साथ जन, गण, लोग, वर्ग तथा वृंद लगाकर बहुवचन बनाइए।

एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
1. निर्धन	निर्धनता	2. अध्यापक	अध्यापकगण
3. अतिथि	अतिथिगण	4. अधिकारी	अधिकारी वर्ग
5. गुरु	गुरुजन	6. पाठक	पाठकवृंद

(च) दिए गए चित्रों को पहचानकर उनका बहुवचन रूप लिखिए और बहुवचन रूप का वाक्य में प्रयोग कीजिए।

बहुवचन – लड़के

वाक्य –

बहुवचन – कुत्ते

वाक्य –



बहुवचन – केले

वाक्य –

Scanned with CamScanner